**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 06 जनवरी 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

हरियाणा एवं चंडीगढ़ सहित आज देश भर में गुरु गोबिन्द सिंह जी का प्रकाश उत्सव पूरी श्रद्धा और धूम धाम से मनाया जा रहा है।हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सुबह पंचकूला  में गुरुद्वारा  श्री नाडा साहिब जा के माथा टेका और गुरु  घर की आशीष प्राप्त की। गुरद्वारे  में उन्हें सिरोपा  भेंट किया गया।इस अवसर पर मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने लोगों को गुरुपर्व की बधाई दी।

अंबाला जिले से गुरु जी का प्रकाशोत्सव धूमधाम से मनाए जाने के समाचार मिले हैं।अंबाला छावनी  और अंबाला शहर के गुरुद्वारों  को फूलों और रोशनियों से सजाया गया है।अं बाला शहर के ऐतिहासिक गुरुद्वारा बादशाही बाग में संगतें माथा टेक रही हैं। रागी जत्थे संगतों को गुरबानी कीर्तन से निहाल कर रहे हैं।

****************************************************************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया पर राष्ट्रपति ने कहा कि मानवता की भलाई के लिए गुरु गोविंद सिंह की निस्वार्थ भक्ति नागरिकों को प्रेरित करती रहती है। उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद सिंह ने हमेशा समानता और न्याय की वकालत की। श्रीमती मुर्मु ने कामना की कि गुरु गोविंद सिंह की शाश्वत शिक्षाएं देश को धार्मिकता, शांति और सद्भाव के मार्ग पर ले जाएं।

****************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गुरु गोविंद सिंह के प्रकाशोत्सव पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सोशल मीडिया पर पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह के विचार नागरिकों को प्रगतिशील, समृद्ध और दयालु समाज बनाने के लिए प्रेरित करते हैं।

****************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कल दिल्ली मेट्रो के चौथे चरण के अंतर्गत साढ़े 26 किलोमीटर लंबे रिठाला-कुंडली खंड का शिलान्यास किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। यह कॉरिडोर रिठाला को हरियाणा में नत्थूपुर-कुंडली से जोड़ेगा।

इस परियोजना पर 62 अरब तीस करोड़ रुपए की लागत आएगी। परियोजना के पूरा होने पर दिल्ली और हरियाणा के लोगों को आवागमन में और आसानी होगी।

*************************************************************

केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह ने घोषणा की है कि वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद ने बुखार कम करने और दर्द से राहत प्रदान करने में व्यापक रूप से इस्तेमाल होने वाली पैरासिटामोल दवा के उत्पादन के लिए एक स्वदेशी तकनीक विकसित की है। डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा कि इस नवाचार का उद्देश्य यह दवा बनाने के लिए आयातित तत्वों पर निर्भरता कम करने और पैरासिटामोल के विनिर्माण में भारत को आत्मनिर्भर बनाना है।

*************************************************************

हरियाणा सरकार के आबकारी एवं कराधान विभाग ने गत वर्ष दिसंबर में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में 28% की वृद्धि दर्ज की है, जो देश के बड़े राज्यों में सबसे अधिक है। दिसंबर 2024 के दौरान हरियाणा ने 10,403 करोड़ रुपये का वस्तु एवं सेवा कर का संग्रह किया है।इस तरह हरियाणा जीएसटी संग्रह के मामले में 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों में चौथे स्थान पर पहुंच गया है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि आबकारी एवं कराधान विभाग ने गत वर्ष अप्रैल से दिसंबर के बीच कुल 46,188 करोड़ रुपये का कर संग्रह किया। इसमें वैट और केन्द्रीय बिक्री कर का 8,812 करोड़ रुपये, उत्पाद शुल्क का 9,527 करोड़ रुपये और स्टेट जीएसटी का 27,849 करोड़ रुपये का योगदान है।वितीय वर्ष 2024-25 के लिए विभाग को 63,348 करोड़ रुपये के कर संग्रह का लक्ष्य दिया गया था। विभाग ने फिलहाल लक्ष्य का 73% कर प्राप्त कर लिया है।